लाया हूं क्षृद्धा के दाता

लाया हूँ क्षृद्धा के दाता, दो सुमन तेरे लिए,
वन्दना तेरे लिए है, और नमन तेरे लिए,
लाया हूँ क्षृद्धा के दाता.....

दास हूँ तेरा कन्हैया, कुछ दया कर दीजिए,
मैने फैलाई है झौली, देके वर भर दीजिए,
मांगता हूँ ये करूं, गुण कथन तेरे लिए,
लाया हूँ क्षृद्धा के दाता.....

शीश दानी हो प्रभु तुम, काम मेरे आइये,
ज्ञान का देकर ऊजाला, रास्ता दिखलाइये,
है नहीं मुशिकल हे दाता, इक किरण तेरे लिए
लाया हूँ क्षृद्धा के दाता.....

उड़ गये सुख साज सारे, एक आंधी वो चली,
आ चुभी सीने मे मेरे, घोर विपदा की शली,
चैन मिल जाये करूं मैं, यूं रूदन तेरे लिए,
लाया हूँ क्षृद्धा के दाता......

है नहीं मिष्ठान मेवा, ना ही धन लाया हूँ मैं,
भावना के टूक सुखे, लेके बस आया हूँ मैं
अब 'गजेसिहं' भेट में दे, क्या.रतन तेरे लिए,
लाया हूँ क्षृद्धा के दाता......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25140/title/laya-hu-shrdha-Ke-data

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |